**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 14-10-2025**

- **मण्डलायुक्त बस्ती व डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न स्कूलों की छात्राओ/महिलाओं को किया गया जागरूक।**
- **छात्राओं / विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशील महिलाओं को सम्मानित कर किया गया उत्साहवर्धन।**

आज दिनांक 14.10.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर मे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत किया गया। पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर कार्यक्रम मे आमंत्रित जनपद के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं/शिक्षकों,उनके अभिभावकों व विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं से मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो,हेल्पलाइन नंबरो 1090,181,112,1076,102,108 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें मिशन शक्ति फेज-5 का पम्पलेट दिया गया तथा आमंत्रित छात्राओं /महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा बताया गया कि प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किया गया है जहां पर जाकर कोई भी छात्रा/महिला अपनी समस्याओं को सुगमता से महिला कर्मी को बता सकेगी जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका समस्या का निराकरण किया जायेगा। सभी को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरुक किया गया तथा किसी भी प्रकार के साइबर अपराध/फ्राड होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा साइबर पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने हेतु बताया गया।

इस अवसर पर सीडीओ सिद्धार्थनगर, पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता, शाइस्ता प्रभारी जनपदीय एण्टीरोमियों सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**